प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा की 6 सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए अब 9 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार ने भी तेजी पकड़ ली है और दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। प्रचार की इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर आज हमीरपुर जिले के बड़सर विधानसभा क्षेत्र और ऊना जिला के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

दूसरी ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज बिलासपुर व हमीरपुर जिले के विभिन्न स्थानों पर चुनाव प्रचार को अंजाम देंगे। कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह आज किन्नौर जिले के करछम और कल्पा में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगी।

मतदान प्रक्रिया

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा की 6 सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए आज से होम वोटिंग प्रक्रिया शुरू हो रही है। इसके तहत मोबाइल पोलिंग पार्टियां, बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं के वोट करवाने के लिए घर–घर पहुंचेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि प्रपत्र 12–डी के माध्यम से 48 हजार 919 आवेदनों में से अब तक 37 हजार 362 प्रपत्र स्वीकार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 32 हजार 3 सौ 70 मतदाताओं से प्रपत्र प्राप्त हुए हैं और अभी तक इस श्रेणी के 25 हजार 9 सौ 58 मतदाताओं के प्रपत्र निर्वाचन विभाग द्वारा स्वीकार लिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसी तरह 13 हजार 5 सौ 54 दिव्यांग मतदाताओं के प्रपत्र विभाग को प्राप्त हुए हैं।

स्वीप कार्यक्रम

प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप–चुनाव में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से लगातार मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में हमीरपुर जिले के गसोता के नलवाड़ मेले में भी भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरुकता कार्यक्रम 'स्वीप' के तहत आम लोगों को मतदान के महत्व से अवगत करवाया जा रहा है। मेले में स्थापित सेल्फी प्वाइंट पर आकर लोग अपने फोटो खींच रहे हैं व वोट डालने का प्रण ले रहे हैं।

सोलन जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सलोगड़ा में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वीप टीम द्वारा क्षेत्र में घर–घर में निमंत्रण अभियान के तहत 'निऊंदा' देकर एक जून को मतदान के लिए आमंत्रित किया गया। प्रदेश के अन्य जिलों में भी स्वीप कार्यक्रम के जरिए लोगों को लगातार वोट के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

राजीव गांधी

आज देश भर में आतंकरोधी दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य–तिथि पर आयोजित किया जाता है। इस दिवस का आयोजन समाज और राष्ट्र पर आतंकवाद और हिंसा के नकारात्मक प्रभाव की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए किया जाता है। इस मौके पर शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में एक श्रद्धाजंलि समारोह का आयोजन होगा।

मौसम–समय सारिणी

शिक्षा विभाग ने प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले स्कूलों की समय सारिणी में बदलाव किया है। उच्च शिक्षा निदेशक अमरजीत शर्मा ने बताया कि इन इलाकों में अब स्कूल सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर एक बजे तक खोलने के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा बच्चों को पानी पीने के लिए हर पांच मिनट की दो स्पैशल ब्रेक देने को लेकर भी सभी जिलों के शिक्षा उप निदेशकों को निर्देश जारी किए गए हैं। मौसम विभाग ने 24 मई तक राज्य के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी पड़ने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी संबंधी समाचार को आज अधिकांश समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **नौ शहरों में चली लू, शिमला में बरसीं राहत की फुहारें। पंजाब केसरी** ने लिखा है **हिमाचल में स्कूलों का समय बदला, सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा समय। आपका फैसला** ने लिखा है **हिमाचल के सात जिलों में 5 दिनों तक लू चलने का अलर्ट।**

मंडी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कंगना के खिलाफ काजा में लगे गो बैक के नारे दैनिक भास्कर की एक खबर है। **दैनिक जागरण** ने इस खबर को शीर्षक दिया है **काजा में कंगना व जयराम के काफिले पर पथराव, काले झंडे दिखाए।**

दैनिक सवेरा टाइम्स ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखा है **कांग्रेस ने सदा अनुसूचित जाति को हाशिए पर धकेला।**

पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के हवाले से सुर्खी दी है**यह भाजपा की खरीद–फरोख्त को जवाब देने का चुनाव।**

हाईकोर्ट से जुड़ी खबर को **दिव्य हिमाचल** ने शीर्षक दिया है प्रदेश के अस्पतालों में **ट्रामा सेंटर शुरू करने में देरी पर सरकार को लगी फटकार। हिमाचल दस्तक** की एक खबर है **बाल सुधार गृह में अमानवीय व्यवहार पर हिमाचल हाईकोर्ट ने मांगा जवाब।**